सा विद्या या विमुक्तये
SCERT UK

# राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तराखण्ड
## State Council of Educational Research and Training, Uttarakhand
Tapovan Road, Nalapani, Dehradun
Phone: 0135-2789655 Fax: 0135-2789656, Website: www.scert.uk.gov.in
E-mail: scertuk@gmail.com, scert_ua@rediffmail.com

1– अपर निदेशक (मा0शि0/प्रा0शि0)
गढ़वाल/कुमांउ मण्डल, उत्तराखण्ड।

2– समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी/जिला परियोजना
अधिकारी समग्र शिक्षा , उत्तराखण्ड।

3– समस्त प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तराखण्ड।

4– समस्त जिला शिक्षा अधिकारी(प्रा0शि0/मा0शि0),
उत्तराखण्ड।

5– उपायुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
उत्तराखण्ड।

6– क्षेत्रीय अधिकारी,
सी0बी0एस0ई0, देहरादून।

7– अध्यक्ष, प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल एसोशियेशन
पैसलवीड स्कूल, मसूरी।

8– उपायुक्त,
जवाहर नवोदय विद्यालय, उत्तराखण्ड।

पत्रांकः पाठ्यक्रम/ 8237-49 /पी0पी0सी0–2023/2022–24 दिनांक 18 दिसम्बर, 2023

विषय : मा0 प्रधानमंत्री जी के संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा (PPC-2024) विषयक ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संलग्न पत्र संख्याः **D.O. No.** 6–10/2023/ (PMP-5) दिनांक 13 दिसम्बर 2023 के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा– 2024' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनवरी/फरवरी 2024 में तालकटोरा स्टेडियम से टाउनहॉल प्रारूप में सीधे संवाद स्थापित किया जाना है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पंजीकृत करने और चयन करने के लिए 12 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी 2024 तक https://innovateindia.mygov.in/ppc-2024/ पर एक ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाले बच्चे एवं उनके शिक्षक और अभिभावक प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी मा0 प्रधानमन्त्री जी से इंटरैक्टिव कार्यक्रम में शामिल होकर प्रश्न भी पूछ सकते हैं । सभी प्रतिभागियों को निदेशक, एनसीईआरटी द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। कार्यक्रम के सन्दर्भ में निम्नलिखित दिशा– निर्देशों के अनुपालन में अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी–

1. प्रतियोगिता में राज्य के सभी बोर्डों से सम्बन्धित प्रतिभागी– विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर नैनीताल, सी0बी0एस0ई0, आई0सी0एस0ई0, जवाहर नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा–6 से 12 तक अध्ययनरत् छात्र/छात्रायें, उनके अभिभावक एवं शिक्षक प्रतिभाग कर सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर 2050 विजेताओं को (उत्तराखण्ड से चयनित–22) प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे।

2. यह प्रतियोगिता वह माध्यम है जिसके द्वारा हम छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को माननीय प्रधान मंत्री से सीधे संवाद हेतु अपने प्रश्न तैयार करने के लिए आमंत्रित करते हैं। एनसीईआरटी द्वारा चुने गए चयनित प्रश्न, कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। जिन प्रतिभागियों ने पहले प्रश्न पूछे थे तथा परीक्षा पे चर्चा के विगत वर्ष के संस्करण में प्रतिभाग किया था, उन्हें मीडिया चैनलों द्वारा अपने कार्यक्रमों में आने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इसी प्रकार इस इस वर्ष भी कुछ चुनिंदा लोगों को मीडिया से बातचीत करने का मौका मिल सकता है।

3. राज्य स्तर पर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पादित करने हेतु अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

क्रमशः–

Scanned with AnyScanner

4. आप से अपेक्षा है कि अपने अधीनस्थ समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापकों को निर्देशित करें कि वे आयोजन की अपनी तैयारियों के साथ–साथ कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार करने के लिए अपने स्वयं के सोशल मीडिया हैंडल और #PPC2024 का उपयोग करें। समस्त विद्यालय "परीक्षा पे चर्चा" के सम्बन्ध में अपने स्वयं के पोस्टर, रचनात्मक, वीडियो आदि बना सकते हैं और तदनुसार पोस्ट कर सकते हैं। इनमें से चयनित क्रिएटिव, वीडियो को **MyGov** प्लेटफॉर्म पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

5. अधीनस्थ स्तरों पर व्यापक प्रसार सुनिश्चित करने के लिए इस सप्ताह के भीतर अपने समस्त अधिकारियों एवं शिक्षकों के साथ ऑनलाइन/आफलाइन बैठकें आयोजित करें।

6. समस्त जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार हेतु अपने स्तर से मीडिया मद के अन्तर्गत बैनर/फलैक्स/होर्डिगस आदि तैयार कर कार्यक्रम का अधिकतम प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।।

7. अधिकतम प्रचार–प्रसार प्रसार और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समस्त अधिकारी अपने स्तर से अपनी स्वयं की मीडिया योजना तैयार करें।

8. अपने अधीनस्थ समस्त विद्यालयों से ऑनलाइन एमसीक्यू प्रतियोगिता में अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करें इस आयोजन के लिए चयनित होने का अवसर प्राप्त करने के लिए 12 दिसंबर 2023 से 12 जनवरी 2024 तक https://innovateindia.mygov.in/ppc-2024/ पर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस सम्बन्ध में विद्यालय स्तर से अभिभावकों को भी अनिवार्यतः सूवित किया जाय।

- उक्तवत् प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित शिक्षकों/छात्रों/अभिभावकों को अपने प्रश्नों को माननीय प्रधानमन्त्री जी को सम्बोधित करने के लिए आमन्त्रित किया जायेगा।
- भारत सरकार के स्तर से उत्तराखण्ड राज्य से चयनित 22 शिक्षकों/छात्रों/अभिभावकों का कोटा निर्धारित किया गया है। तथा निम्न विवरणानुसार प्रस्तुतीकरण होना अनिवार्य है।

| S.No. | Particular | Limit |
|---|---|---|
| 1 | Students | Not less than 80% of ths allocated quota |
| 2 | Teachers | Not less than 10% of ths allocated quota |
| 3 | Parents | Not less than 10% of ths allocated quota |

कृपया उक्तवत् दिशा–निर्देशों का अनिवार्यतः पालन करते हुए मा0 प्रधानमंत्री जी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम–2024 को सफल बनाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

आइए हम अपने भावी राष्ट्र निर्माताओं के लिए सीखने को और अधिक आनंददायक बनाने के लिए हमारे माननीय प्रधान मंत्री की परिकल्पना के अनुसार परीक्षाओं के उत्सव, "परीक्षा पे चर्चा 2024" को उत्साह से मनाने में हाथ मिलाएं।

भवदीय

(बन्दना गर्ब्याल)
निदेशक
अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड
देहरादून

पृ0 सं / पाठ्यक्रम/ 8237-49 /पी0पी0सी02022/2022–24 दिनांक उक्तवत्।
प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. निजी सचिव, मा0 मन्त्री, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
2. सचिव, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
3. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तराखण्ड।
2. निदेशक माध्यमिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।

(बन्दना गर्ब्याल)
निदेशक
अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड

Scanned with AnyScanner